Title : Regarding need to provide Central assistance for early completion of Darbhasan Hydro Project in Banka Parliamentary Constituency, Bihar.

(xii) Need to provide Central assistance for early completion of Darbhasan Hydro Project in Banka Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री गिरिधारी यादव (बांका) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बांका के कटूरिया प्रखंड में दरभासन जलाशय का काम 15 साल से रूका हुआ है, जिसके कारण इस जलाशय का निर्माण कार्य खराब हो रहा है और इसमें लगी मशीनें भी खराब हो चुकी हैं। इस जलाशय पर कई करोड़ रूपये का निवेश हो चुका है। इस जलाशय का निर्माण 50 से 60 प्रतिशत तक हो चुका था। यह जलाशय योजना आदिवासी लोगों के लिए बनायी गयी थी और इस जलाशय से आदिवासी लोगों की जमीन को सिंचित करने की योजना थी। इस जलाशय योजना के न बनने से आदिवासी लोगों की जमीन सिंचित सुविधा से वंचित है। अगर केन्द्र सरकार इसमें सहयोग देकर इस जलाशय योजना के अधूरे काम को पूरा करवाये तो आदिवासी लोगों के जीवनस्तर को सुधार किया जा सकता है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि दरभासन जलाशय योजना के कार्य को केन्द्र सरकार अपना सहयोग देकर पूरा करवाये।